केंद्रीय विद्यालय पिकेट, सिकंदराबाद

कक्षा – पाँचवी _____ अर्धवार्षिक परीक्षा-2021 अंक – 40

छात्र/छात्रा का नाम ______________________ रोल नंबर ______________

नोट – सभी प्रश्न अनिवार्य है |

भाग-अ (PART-1)

दिये गए गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नो के सही उत्तर / विकल्प चुनो । (प्र 1-5 तक)

उड़ीसा पुलिस खास तौर पर हूमर कबूतरों का इस्तेमाल राज्य के कई दुर्गम इलाकों में संदेश पहुँचाने के लिए कर रही है। कानून–व्यवस्था, संकट और अन्य मौकों पर संदेश के लिए ये कबूतर बहुत ही उपयोगी साबित हुए। कबूतरों की संदेश सेवा बहुत सस्ती है और उन पर खास खर्च नहीं आता है। इन कबूतरों का जीवन 15–20 साल का होता है और 8–10 साल तक वे बहुत अच्छा काम करते हैं। स्वस्थ कबूतर एक दिन में एक हज़ार किलोमीटर तक का सफ़र कर सकता है। यदि कोई महत्वपूर्ण संदेश पहुँचाना हो तो दो कबूतरों को भेजा जाता है ताकि बाज़ के हमले जैसी अनहोनी स्थिति में भी दूसरा कबूतर संदेश पहुँचा दे।

प्रश्न-01 उड़ीसा राज्य की पुलिस किन का उपयोग दुर्गम इलाकों में संदेश पहुँचाने के लिए कर रही हैं ?

अ) बाज का स) चिड़ियाँ का ब) गधों का द) हूमर कबूतरों का

प्रश्न-02 यह गद्यांश किस पाठ से लिया गया है?

अ) चिट्ठी का सफ़र स) दुनिया की छत ब) राख की रस्सी द) फ़सलों के त्योहार

प्रश्न-03 हूमर कबूतर कितने सालों तक अच्छा काम करते हैं ?

अ) 4-6 ब) 8-10 स) 15-20 द) 8-11

प्रश्न-04 एक स्वस्थ कबूतर एक दिन में कितने किलोमीटर का सफ़र कर सकता हैं ?

अ) एक हज़ार किलोमीटर स) तीन हज़ार किलोमीटर ब) दो हज़ार किलोमीटर द) कोई नहीं

प्रश्न-05 निम्न में से कौन सा शब्द गद्यांश में नहीं है ?

अ) किलोमीटर ब) महत्वपूर्ण स) अनहोनी द) गिरहबाज

प्रश्न-06 उचित शब्द का प्रयोग करके खाली स्थान भरों |

अकबर को पहरेदार की ________________ अच्छी नहीं लगी |

अ) अंदाज ब) दखलंदाज़ी स) बेहतरीन द) केशव

प्रश्न-07 वाक्य को कोष्ठक में दिए गए शब्द के विलोम शब्द से पूरा करों |

मेरा दोस्त आज खेलने नहीं आया क्योंकि वह ________था |(स्वस्थ)

अ) अस्वस्थ ब) हट्टा-कट्टा स) उदास द) खुश

प्रश्न-08 भारत में कितने राज्य हैं ?

अ) अट्ठाईस ब) पच्चीस स) इकतीस द) इकतालीस

प्रश्न-09 'दिल बैठ जाना' मुहावरें का क्या अर्थ होता है ?

अ) खुश होना ब) नाराज होना स) शर्मिंदा (लज्जित होना) द) निराश होना

प्रश्न-10 निम्नलिखित में से कौन-सा 'राजा' शब्द का पर्यायवाची शब्द है ?

अ) गगन ब) बारिश स) मंत्री द) नरेश

प्रश्न-11 'घंटी' शब्द का वचन बदलकर वाक्य पूरा करों |

जब मैं कल मंदिर गया तो मैंने वहाँ पर बहुत सारी _____________देखी थी|

अ) घटियाँ ब)घंटियाँ स) घंटिया द) घंटीयाँ

प्रश्न-12 उचित क्रिया का प्रयोग करके वाक्य पूरा करों | * हमें अपने सभी कार्य समय पर ________ लेने चाहिए |

अ) करके ब) करना स) कर द) लिखना

प्रश्न-13 दिए गए वाक्य में जातिवाचक संज्ञा पहचानो। * दिल्ली एक बड़ा शहर हैं |

अ) दिल्ली ब) बड़ा स) शहर द) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न-14 कोष्टक में दिए गए शब्द का लिंग बदलकर वाक्य पूरा करो |

मैंने खेत में किसान को हल के साथ देखा | हल को _____ चला रहे थे। (गाय)

अ) शेर ब) बैल स) घोड़ा द) हाथी

प्रश्न-15 नीचे दिये गए शब्दों में से कौन-सा शब्द क्रिया से संबंधित नही है?

अ) चलना ब) पढना स) तैरना द) जयपुर

प्रश्न-16 'फ़नकार' शब्द में प्रत्यय क्या होगा ?

अ) फन ब) फ़न स) कार द) कर

प्रश्न-17 निम्नलिखित में से कौन-सा एक पूर्ण राज्य का नाम नहीं है ?

अ) दिल्ली ब) राजस्थान स) उत्तर प्रदेश द) बिहार

प्रश्न-18 निम्नलिखित शब्दों में से अलग शब्द कौन सा है ?

अ) खिड़की ब)धनुष स) दरवाज़ा द) छत

प्रश्न-19 निम्नलिखित में सही शब्द कौन-सा है ?

अ) फ़रमाइशी ब) फरमाईस स) फ़रमाइसी द) फ़रमइशी

प्रश्न- 20 'जो सब्जी बेचता हैं' उसे क्या कहते है ?

अ) सब्जीवाला ब) डाकिया स) चरवाहा द) धोबी

भाग-ब **(PART-2)**

प्रश्न-1 लोनपो गार ने अपने बेटे को सौ भेड़े देते हुए क्या कहा ?

____

____

प्रश्न-2 'खिचड़ी' का क्या तात्पर्य हैं और यह त्योहार कब मनाया जाता हैं ? 2

____

____

प्रश्न-3 खिलौनेवाला कौन-कौन से खिलौने बेच रहा था ? 2

____

____

प्रश्न-4 अकबर को पहेरेदार की दखलंदाजी अच्छी क्यों नहीं लगी ? 2

____

____

प्रश्न-5 चित्रों को देखकर इनके नाम और काम लिखों | 3

प्रश्न-6 चित्र में दी गई महिला को पहचानकर तीन पंक्तियाँ लिखों | 3

1______________________________

2______________________________

3______________________________

प्रश्न-7 दिए गए मानचित्र में राज्य को पहचाने और वहाँ मनाए जाने वाले फ़सलों के त्योहार की दो विशेषताएँ लिखो - 3

1______________________________



प्रश्न 8. अगर तुम किसी को चिट्‌ठी लिख रहे हो तो पते में यह जानकारी किस क्रम में लिखोगे?

गली/मोहल्ले का नाम, घर का नंबर, राज्य का नाम, खंड का नाम, कस्बे/शहर/गाँव का नाम, जनपद/जिले का नाम नीचे दी गई जगह में लिखो। 3